तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

12 सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर...



12 शिक्षकों के कौशल विकास और आधुनिक शिक्षण...





**खबर संक्षेप**

### गाली-गलौज कर पत्नी को पीटा

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम कुटेला निवासी मनीषा दास ने बताया कि उसकी शादी ग्राम रेमड़ा के खिरोद से सामाजिक रीति - रिवाज से हुई है। उसके पति ने नशे की हालत में घरेलू बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट की। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।



## मेढ़ बना रहे थे खेत में, खोदाई के दौरान मिली प्राचीन मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

■ सूचना पर पहुंची पुरातत्व विभाग की टीम, मूर्तियों को बताया 8वीं शताब्दी का

जिला मुख्यालय के तकरीबन 8 किमी की दूरी पर बसे ग्राम बम्हनी में एक किसान द्वारा खेत की मेढ़ तैयार किए जाने के दौरान टूटी हुई मूर्तियां मिली। इन मूर्तियों के 8वीं से 10वीं शताब्दी के होने का अनुमान लगाया जा रहा है। ग्रामीण गोपाल साहू के खेत और सरकारी जमीन के बीच बन रहे मेढ़ बनाने के दौरान मूर्तियां पाए जाने के बाद तत्काल इसकी सूचना पुरातत्व विभाग को दी गई जिसके बाद विभाग की टीम शनिवार देर शाम बम्हनी पहुंची।

पुरातत्व विभाग की टीम ने प्रतिमाओं का अवलोकन किया और बताया कि प्रतिमाएं 8वीं शताब्दी के आस-पास की है और यहां पर मंदिर के भी अवशेष प्राप्त होने की संभावना जताई गई है। प्रतिमा की बनावट, कला और पत्थर को देखकर विशेषज्ञों इसे प्राचीन काल का बता रहे हैं। बम्हनी में प्राचीन प्रतिमाएं मिलने के बाद आस-पास के लोग देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों में उत्सुकता भी बढ़ गई है।





### क्षेत्र को संरक्षित किए जाने की मांग

गांव की सरपंच रूपा ध्रुव ने बताया कि सुबह उनको पुरातत्व विभाग की टीम आने की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि प्रतिमाएं प्राचीन महत्व की हैं तो इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए। पुरातत्व विभाग के द्वारा क्षेत्र को संरक्षित कर खुदाई की जानी चाहिए, ताकि और अवशेष निकाले जा सके।

### मंदिर के अवशेष बिखरे मिलेः पारख

पुरातत्व विभाग के प्रताप पारख ने बताया कि बम्हनी में मूर्तियां बिखरी हुई हैं, सूचना प्राप्त हुई थी, इस सूचना पर बम्हनी गांव गए थे, जहां पर प्राचीन मूर्तियां, द्वारपाल, मंदिर के अवशेष मिले है। शासन व प्रशासन से इस संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके बाद ही आगे की जानकारी दी जाएगी।

**जनकल्याण :** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 68 यूनिट रक्तदान रक्तदाताओं-सहयोगी संस्थाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय महासमुंद स्थित ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 68 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान वर्षभर रक्तदान एवं रक्तदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली माँ महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति, बालाजी गोपाल सेवा समिति महासमुंद तथा माँ चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति बागबाहरा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के निर्देशन तथा डॉ. आई. नागेश्वर राव, सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी जिला रेडक्रॉस अधिकारी एवं राज्य प्रतिनिधि के नेतृत्व में हुआ। आयोजन एवं संचालन में सभापति संदीप दीवान, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र राठौर, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेन्द्र कुमार श्रीश्रीमाल एवं संरक्षक सदस्य मनोज पींचा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रबंध समिति के सदस्य दाऊलाल चंद्राकर पूर्व उपसभापति, विश्वनाथ पाणिग्रही, एचआर बघेल एवं राजेश्वर खरे, अरशी अनवर, अभिषेक पाण्डेय ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदान जैसे




पुनीत एवं मानव सेवा के कार्य की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक एवं नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में दवा विक्रेता संघ महासमुंद की ओर से अरशी अनवर सचिव (सदस्य प्रबंध समिति), एजाज नकवी जिला जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ), ललित कुमार चक्रधारी, मोहित साहू ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

शिविर में लेखराम चक्रधारी, राकेश कमार, लोकेश पटेल, जितेन्द्र साहू, पीसी बिसाल, सुनील साहू, मोहन नागवंशी, गणेश राम साहू, भास्कर साहू, शिव नारायण दीवान, घनश्याम दीवान, कृष्णा सिन्हा, हेमशरण नेताम, ज्ञानेन्द्र साहू, डिगेश्वर साहू, ओमेश चन्द्राकर, गजेन्द्र साहू, दुर्गेश सिंह ध्रुव, पवन कुमार निर्मलकर, शुभम शर्मा, अंजली अग्रवाल, सागर नायक, डॉ. अभिनव अग्रवाल, डॉ. अरविन्द्र, तरुण कुमार, रूपेश साहू, अजय कुमार, डोमन लाल साहू, रविन्द्र कुमार, मयंक साहू, फलेश्वर बरिहा, खिलेश साहू, सोनल सोनी, विजय कुमार पटेल, तरुण कन्नौजे, अशोक साहू, महेश वैष्णव, करम सिंह सिदार, पुरण साहू, अमित कुमार दीवान, चन्द्राकांत नायक, गजेन्द्र नाग, सुमित लाल सिदार, नामेश ठाकुर, देवेन्द्र साहू, जनक राम, शेखर पटेल, परमेश्वर बंजारे, भोज सेन, रवि साहू, मदन लाल, दिलेन्द्र सिंह, दीपचंद पैकरा, रमती नेताम, कुसुम साहू, लाकेश्वर सिन्हा, ओमनलाल साहू, कमलेश ठाकुर, अनुप देवदास, ओमकार मन्नाड़े, कृष्णा ठाकुर, ओमप्रकाश औशर, रूपेश कुमार साहू एवं चौथमल तिवारी ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर नियमित एवं प्रेरणादायी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

### 81 बार रक्तदान करने पर अजय का राज्यपाल के हाथों सम्मान



विश्व रक्तदाता दिवस पर राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय यूथ रेडक्रास सोसायटी अधिकारी प्रो. अजय कुमार राजा को अब तक सर्वाधिक 81 बार रक्तदान करने वाले जिले के एकमात्र रेडक्रॉस अधिकारी के रूप में छग के राज्यपाल रमेन डेका के हाथों प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। प्रो. अजय कुमार राजा इसके पूर्व 17 दिसम्बर 2020 को कोविड 19 में सक्रिय कार्य करने के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है। रेडक्रॉस प्रभारी प्रो. अजय कुमार राजा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य ने हर्ष जताया।

## रिहायशी इलाके में घर के भीतर मिली शराब बनाने की फैक्ट्री



### 200 लीटर महुआ शराब कीमत 40,000 रुपए सहित बड़ी मात्रा में शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन गैस सिलेंडर व गैस चूल्हा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

घर के भीतर शराब बनाने की पूरी फैक्ट्री लगाए जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में 200 लीटर शराब जब्त की गई है। यह शराब घर के भीतर रखे 27 प्लास्टिक के ड्रमों में मिली। मामला जिले के बसना थाना के शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 का है जहां पुलिस को आवासीय क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी।

अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान 14 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस सूचना की तस्दीक करने पहुंची थी। टीम तैयार कर संदिग्ध सान्ताबाई मधुकर पति स्व. सामप्यारा मधुकर (40 वर्ष) के घर में छापामारी की गई। संदिग्ध के कब्जे से उसके घर के आंगन में बिक्री हेतु रखी गई भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब व शराब बनाने मे प्रयुक्त बर्तन, गैस सिलेंडर, चूल्हा व अन्य सामग्री मिली, जिसे जब्त किया गया।

कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम को मौके पर प्लास्टिक के 27 बड़े ड्रमो में भरा हुआ महुआ लाहन पॉस मिला, जिससे आने वाले दिनों मे भारी मात्रा में महुआ शराब तैयार कर बिक्री करने की योजना थी, जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बसना में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।



### किसान राइस मिल में शुरु हुआ मैरिज पैलेस

**महासमुंद।** शहर के स्टेशन रोड स्थित किसान सहकारी राइस मिल के पास के नवीन मोहन मैरिज पैलेस का शुभारंभ के अवसर पर छग बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर मौजूद रहे। बता दें कि उक्त खाली जमीन पर वाहन रखने की पर्याप्त सुविधा मौजूद होगी।

## रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हुआ समर कैंप का समापन

**महासमुंद।** पीएमश्री बृजराज शाला में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समग्र शिक्षा की एपीसी संपा बोस, एबीओ तारिका कुंजाम एवं हीना ढालेन उपस्थित रहीं।समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक जुम्बा नृत्य एवं गीतों से हुई, जिसकी अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहना की। इसके पश्चात अतिथियों ने समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी, हस्तनिर्मित सामग्री



एवं रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। कैंप में बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक सेल्फी जोन में अतिथियों ने बच्चों और शिक्षकों के साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। समर कैंप में सक्रिय सहभागिता के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव ने पेंसिल वितरित की। वहीं कैंप के सफल संचालन एवं बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों भारती सोनी, खेमीन साहू एवं दुर्गा यादव को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन संकुल समन्वयक सुरेंद्र तथा प्रधान पाठक गोमती साहू ने आभार प्रदर्शन किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने बच्चों के रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मनीषा साहू, स्वातिसिन्हा, बिमलेश्वरी दुबे, देवेंद्र ठाकुर, सुशांत सर, मुन्ना भैया सहित विद्यालय परिवार, अभिभावकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## विकसित भारत सम्मेलन में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर व्यापक चर्चा

**महासमुंद।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विकसित भारत सम्मेलन एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम सरायपाली स्थित गीता भवन में हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं भाजपा पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है तथा विकसित भारत-2047 का संकल्प देश के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही साकार होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार ने पारदर्शी शासन व्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना के विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, किसान, महिला एवं युवा वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं और भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। विशेष अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, समर्पण और जनविश्वास के प्रतीक हैं। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया एवं नई शिक्षा नीति जैसे निर्णयों ने युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन किया है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार गौतम दास मानिकपुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर आधारित अपनी ओजपूर्ण कविता का प्रभावशाली पाठ किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स सरायपाली के सदस्यों को उनके सामाजिक योगदान एवं जनसहभागिता के लिए सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अतिथियों ने व्यापारिक समुदाय की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। मंच पर महासमुंद जिला संगठन प्रभारी जयंती पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, सहसंयोजक छत्तीसगढ़ प्रकोष्ठ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल, छतर सिंह नायक एवं संजय शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकसित भारत-2047 के विजन एवं राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

**यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की भी समीक्षा**

# निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर डीआरएम ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से जारी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शनिवार को संबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुभाष चंद्र चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए काम में तत्काल तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीआरएम ने स्टेशन भवन, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, सकुर्लेटिंग एरिया, फुट ओवरब्रिज तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंडल के वरिष्ठ डीईएन, वरिष्ठ डीएसटीई सहित रेलवे एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

जानकारी के अनुसार, अगस्त 2023 में शुरू हुई यह महत्वाकांक्षी परियोजना निर्धारित समय-सीमा में पूरी होनी थी, लेकिन अब भी कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे हैं।



इस पर नाराजगी जताते हुए डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट तलब की और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी कार्य रेलवे के निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। साथ ही निर्माण एजेंसियों को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने और कार्यस्थल पर पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को यात्रियों के लिए बेहतर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने कहा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत महासमुंद स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### डीआरएम से मिले नपा उपाध्यक्ष, सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। संबलपुर रेलवे डिवीजन के डीआरएम के आगमन की जानकारी होने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, भाजपा नेता राजू चंद्राकर, सूर्या ठाकुर, ज्ञान चोपड़ा ने स्थानीय रेलवे स्टेशन में ज्ञापन सौंपकर चर्चा की। राठी ने शहर के वार्ड क्रमांक 1 शंकर नगर से इमलीभाठा जाने वाले मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग की। राठी ने डीआरएम से रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान नहीं रखे जाने की भी बात कही। उन्होनें मेन गेट से अंदर स्टेशन में जाने पर अंदर की तरफ शेड निर्माण की मांग के साथ दलदली रोड के रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिए जाने के बावजूद अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने की बात कही। डीआरएम ने गंभीरता से विचार कर निर्णय लेने की बात कही।



## खबर संक्षेप



### स्वच्छता अभियान जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है : गिरिराज सिंह

**रायपुर।** केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को सुबह कलेक्टोरेट स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान में हिस्सेदारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री सिंह ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री सिंह ने इस दौरान स्वच्छता मित्रों का शाल-श्रीफल देकर सम्मान किया और मेडिकल किट प्रदान की। श्री सिंह ने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई जागरुकता और जनआंदोलन का स्वरूप प्राप्त किया है।

### 1 जुलाई से प्रारंभ होने संबंधी सूचना भ्रामक एवं फर्जी

**रायपुर।** संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र दिनांक 12 जून के अनुसार राज्य की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून, मंगलवार से प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित की जा रही यह सूचना कि शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ होगा, पूर्णतः असत्य, भ्रामक तथ्यों से परे एवं फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विद्यालयों के संचालन की अधिकृत तिथि 16 जून ही है। अतः विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे केवल विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें।

### हाईवे पर हेलमेट लगाने का आदेश जल्द देने की मांग, सीएम को पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि डी. रविशंकर अपर परिवहन आयुक्त राज्य शासन के एक जिम्मेदार अधिकारी हैं। उन्होंने राज्य शासन के आदेश पर 27 अप्रैल को हाईवे पर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट लगाने का आदेश सभी समाचार पत्रों को जारी किया था, उसे यथावत रखें, उसकी तौहीन न हो। श्री आहूजा ने बताया कि हमारी समिति ने इस आदेश पर खुशी मनाकर आपको धन्यवाद का पत्र भेजा, परंतु सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन मंत्री केदार कश्यप की मध्यस्थता में हुई, उसमें केवल चालान के आंकड़े पेश किए गए एवं जुर्माने की राशि के आंकड़े पेश किए गए। न तो हेलमेट अनिवार्य करने पर चर्चा की गई या मोटरसाइकिल एक्सीडेंट में 2023 से 2025 के बीच बीस हजार लोगों की मृत्यु हुई, उस पर भी कोई चर्चा नहीं की गई। मुख्यमंत्री श्री साय से मांग करते हुए पत्र लिखा है कि आप न्याय करते हुए हाईवे पर हेलमेट लगाने का आदेश शीघ्र जारी करें।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के नियमों में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तासगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के लिए दिशा-निर्देशों में बदलाव किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका व नगर पंचायतों के मुख्य अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं, ताकि अनुदान राशि वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी ओर चरणबद्ध रूप से सुनिश्चित हो सके।

यह बदलाव योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेही और निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार, हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपए का केंद्रीय-राज्य अनुदान चार चरणों में दिया जाएगा। फाउंडेशन पूरा होने पर लाभार्थी को 1 लाख रुपए, लिंटल स्तर पर 50 हजार रुपए, छत निर्माण पर 50 हजार रुपए और निर्माण पूरा होने पर अंतिम किस्त 50 हजार रुपए के रूप में जारी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत अलग से 32,850 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस प्रकार कुल सहायता राशि 2,82,850 रुपए की होगी।

### तकनीकी निगरानी और शुल्क व्यवस्था

खास खबर

निर्देशों में कहा गया है कि वास्तुविद या इंजीनियर द्वारा भवन अनुजा, मानचित्र अनुमोदन, चरणबद्ध निगटानी, जियो-टैगिंग और कार्य संपादन से जुड़े प्रत्येक प्रकरण के लिए अधिकतम 6,150 रुपए प्रति आवास का शुल्क मान्य होगा। यह टाशि राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी औट योजना के क्रियान्वयन में निगरानी मजबूत होगी।




- मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत अलग से 32,850 रुपए दिए जाएंगे
- नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए आदेश

### लाभार्थी परिवर्तन और राशि समायोजन पर रोक

विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बेनिफिशियरी मैपिंग में किसी भी तरह का बदलाव स्वीकार नहीं होगा। जिस हितग्राही के लिए केंद्र या राज्य सरकार द्वारा किस्त स्वीकृत और जारी की गई है, राशि केवल उसी के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। किसी अन्य लाभार्थी के खाते में राशि समायोजित या स्थानांतरित करना मान्य नहीं होगा।

### केंद्र से किस्त जारी होने पर ही मिलेगी अतिरिक्त राशि

सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे एसएनए-स्पेश प्रणाली के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुदान राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर करें। संबंधित निर्माण चरण के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग केवल उसी हितग्राही और उसी निर्माण स्तर के लिए किया जाएगा। यदि कोई हितग्राही जल्दी निर्माण पूरा करता है, तो अतिरिक्त राशि तभी जारी की जाएगी, जब संबंधित किस्त की राशि भारत सरकार से प्राप्त हो।

### योजना का महत्व और उद्देश्य

नए दिशा-निर्देशों का मुख्य उद्देश्य पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। इससे लाभार्थियों की पहचान में गडवडी रोकने में मदद मिलेगी और अनुदान राशि सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचेगी। योजना के क्रियान्वयन में जवावदेही बढ़ेगी और निर्माण कार्य की निगरानी सशक्त होगी।

एनएचएम कर्मचारी महासंघ के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में मुख्यमंत्री की घोषणा

# ढाई साल में हुआ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, एनएचएम कर्मियों को मिलेगा 33 दिनी हड़ताल अवधि का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ढाई साल में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक रूप से विस्तार हुआ है। राज्य में डाक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर भर्ती की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने घोषणा की है कि एनएचएम कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के 33 दिन का वेतन दिया जाएगा। एनएचएम कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं की "रीढ़ की हड्डी" बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कठिन समय में स्वास्थ्य कर्मियों ने मानवता की मिसाल पेश की, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में, जहां सड़कें और परिवहन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, स्वास्थ्य कर्मी पैदल चलकर, नदी-नाले पार कर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र में संचालित "मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान" का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही है और अब तक लगभग 90 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग पूरी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा सुरक्षा बलों के साहसिक प्रयासों से बस्तर में नक्सलवाद का उन्मूलन हुआ है। अब वहां विकास और जनकल्याण की नई संभावनाएं खुल रही हैं, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सबसे महत्वपूर्ण है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने से लेकर डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती से स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो रहा है।



### स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बना रहे एनएचएम कर्मचारी : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जशपुर से लेकर सुकमा तक प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में एनएचएम कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। "स्वस्थ बस्तर अभियान" का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। एनएचएम कर्मचारियों की कई मांगें पूरी की जा चुकी हैं तथा स्थानांतरण नीति भी जारी कर दी गई है। अब एनएचएम कर्मचारी भी कैशलेस उपचार योजना के दायरे में शामिल होंगे। उनके लिए जीवन बीमा सुविधा लागू की गई है जिसके तहत सामान्य मृत्यु की स्थिति में 6 लाख रुपये, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 करोड़ 40 लाख रुपये तथा स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में 1 करोड़ 40 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।



### गजमाला पहनाकर स्वागत

सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा हड़ताल अवधि का वेतन देने की घोषणा के बाद एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गजमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी तथा एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, महासचिव कौशलेश तिवारी, डॉ. रविशंकर दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता पुरन दास, हेमंत सिन्हा, दिनेश खर्कवाल, संतोष चंदेल, डॉ. आलोक शर्मा, निर्मला साहू, दिव्या लाल सहित डॉक्टर, नर्स एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम का गृह जिला जशपुर अब रेल मार्ग से जुड़ेगा

## धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने किया अधिसूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जशपुर जिले के विकास के इतिहास में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का गृह जिला जशपुर भी अब रेल लाइन से जुड़ेगा। रेल मंत्रालय द्वारा धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब जशपुर को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास की नई आधारशिला है।

लगभग 291.881 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी रेल लाइन रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से प्रारंभ होकर जशपुर जिले के पत्थलगांव होते हुए झारखंड के लोहरदगा तक पहुंचेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से जशपुर जिला सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा और क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी। वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही रेल संपर्क की मांग अब साकार होने की दिशा में निर्णायक चरण में पहुंच गई है। रेल मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत सार्वजनिक हित और राष्ट्रीय अवसंरचना विकास को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही परियोजना औपचारिक रूप से प्रभावशील हो गई है।

### विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा वनांचल क्षेत्र

प्राकृतिक संसाधनों और संभावनाओं से समृद्ध जशपुर जिला अब तक रेल संपर्क से वंचित था। परिवहन के लिए मुख्यतः सड़क मार्ग पर निर्भरता के कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और रोजगार की तलाश में बाहर जाने वाले युवाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई रेल लाइन के निर्माण से जिले की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा और लोगों को सुरक्षित, सुलभ तथा किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

### किसानों और उद्यमियों के लिए खुलेंगी नई संभावनाएं

रेल संपर्क स्थापित होने से जशपुर के कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों को देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाना आसान होगा। जैविक खेती, सुगंधित धान, मक्का, दलहन, सब्जियां और बागवानी उत्पादों के लिए पहचान रखने वाले इस क्षेत्र के किसानों को बेहतर बाजार और बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ेगी। परिवहन लागत कम होने से स्थानीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। साथ ही व्यापार और लघु उद्योगों को विस्तार का नया अवसर मिलेगा।

# सीएम साय ने मोदी की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल के ये वर्ष भारत के नव-निर्माण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण और वैश्विक पटल पर देश का मान बढ़ाने वाले रहे हैं। इस दौरान देश के हर वर्ग, गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए दूरदर्शी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ आज सीधे जनता तक पहुंच रहा है। श्री साय ने कहा, यह प्रदर्शनी श्री मोदी के विजन और देश के विकास की उस गौरवशाली यात्रा को जीवंत रूप में प्रदर्शित करती है, जिसने भारत को एक नई दिशा दी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कंडेय, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदर्शनी के प्रदेश प्रभारी उज्जवल दीपक एवं मितुल कोठारी, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, बेदराम जांगड़े, रायपुर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग, सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बैज बोले- गिरिराज सत्ता में बैठे हैं, उन्हें जनता की तकलीफ नहीं दिख रही

## मुख्यमंत्री बताएं, मोदी ने 12 साल में कितने वादे पूरे किए ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा मोदी सरकार के 12 साल की उपलब्धियों के बखान को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने झूठ का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा, वे सत्ता में बैठे हैं, उन्हें जनता की तकलीफ नहीं दिख रही। तीन बार सरकार चलाने का अवसर मिलने के बाद भी भाजपा और मोदी देश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने में असफल साबित हुये हैं। रोजगार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा सभी में मोदी सरकार की नीतियों ने देश को निराश किया। मोदी सरकार 12 सालों के अपने कार्यकाल में हर क्षेत्र में विफल साबित हुई।

उन्होंने कहा, ये बात पांच ट्रिलियन इकोनामी की करते है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय में भारत दुनिया के 10 देशों में कहीं नहीं है। डॉलर के बदले रुपये की कीमत घटती जा रही है। 1 डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 95 रुपए हो गयी है। 2024 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 127 देशों में भारत 105 वें स्थान पर है। देश की विकास दर 6.5 से कम है, जो कोविड के बाद सबसे कम है। मेक इन इंडिया, फेक इन इंडिया साबित हुआ। व्यापार संतुलन बुरी तरह से बिगड़ा है, निर्यात घटा है और आयात पर निर्भरता बढ़ी है, घरेलू उद्योग चौपट हो गये एमएसएमई का बुरा हाल है।



### 12 साल में एक भी वादा पूरा नहीं

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बताये मोदी 12 साल में कितने वादे पूरे किया? मोदी ने 12 सालों के कार्यकाल में 1 भी वादे को पूरा नहीं किया। मोदी ने 12 सालों के कार्यकाल में अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। कोई भी वादा तीन कार्यकाल में पूरा नहीं कर पाये। मोदी सरकार 12 सालों में नोटबंदी करके, जीएसटी लगाकर, लॉकडाउन लगाकर देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद किया। नोटबंदी करने का एक भी सार्थक कारण मोदी सरकार नहीं बता पाई, इसके कारण देश की अर्थव्यवस्था अवरूद्ध हो गयी। जीएसटी के कारण देश के छोटे और मझोले व्यवसायी सड़क पर आ गये, राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब हुई।

# स्कूलों में आरएसएस का एजेंडा न थोपा जाए : सुशील शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में बच्चों के लिए तीन विभिन्न प्रकार के मंत्र का गान अनिवार्य किया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राज्यगीत तक का गायन तो उचित है, लेकिन दीप मंत्र, सरस्वती मंत्र, भोजन के समय भोजन मंत्र इन सबकी अनिवार्यता क्यों की गयी है? सरकार स्कूलों को सरस्वती शिशु मंदिर बनाने पर तुली है। आरएसएस के एजेंडे को सरकारी स्कूलों में थोपा जाना गलत है। सरकारी स्कूलों में देश के हर धर्म, हर जाति और हर संप्रदाय के लोग पढ़ने आते हैं, हर वर्ग के पढ़ाई करते हैं। इस निर्णय से कुछ लोगों की आपत्ति होगी, उनकी धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। हिन्दुस्तान सर्वधर्म समभाव वाला देश है। संवैधानिक रूप से भारत धर्मनिरपेक्ष देश है। स्कूलों में धर्म विशेष के आधार पर शिक्षा नहीं दी जानी चाहिए।



- संस्कार दिये जाएं लेकिन किसी के पारिवारिक एवं सामाजिक संस्कारों को ठेस नहीं पहुंचाएं

उन्होंने कहा, आजादी के बाद से हमारी शिक्षा प्रणाली में सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार के साथ शिक्षा दी जाती रही है। सामाजिक अध्ययन, संस्कृत एवं मातृभाषा जैसे विषयों में विद्यार्थी सभी सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं का अध्ययन करते रहे है। किसी धर्म के साथ भेदभाव का अध्ययन नहीं कराया गया। देश में अलग-अलग धर्मावलंबी अपनी धार्मिकता के आधार शैक्षणिक संस्थान चलाते है, लेकिन सरकारी स्कूलों में मंत्राचार को अनिवार्य करने से दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचेगी। ऐसे में मुस्लिम धर्म के लोग कुरान की आयात तथा सिख धर्म के लोग गुरुवाणी तथा ईसाई धर्म के लोग बाइबल के अंशों को भी वाचन करने की मांग करेंगे। सरकार शिक्षा को शिक्षा ही रहने दे उसे धार्मिक सांचे में ढालने का प्रयास मत करे।

खाद्य विभाग की संचालक फरिहा आलम सिद्धीकी ने किया दुकानों का निरीक्षण

# उचित मूल्य की दुकानों में अब ओटीपी से नहीं मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अब सभी उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीन में बॉयोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से ही खाद्यान्न का वितरण करना है। मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से होने वाले वितरण पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके बाद भी 60 वर्ष से अधिक एवं 10 वर्ष से कम उम्र के हितग्राही या नॉमिनी का बॉयोमेट्रिक प्रणाली काम नहीं कर रहा है तथा खाद्यान्न से वंचित होना पड़ सकता है। ऐसे ही हितग्राही को ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न दिया जाए, लेकिन ऐसे हितग्राहियों के नाम की लिस्ट भी विभाग को देनी होगी, ताकि उसका निराकरण किया जा सके।



### दुकानदारों को बैठक में निर्देश

जिला खाद्य नियंत्रक ने सभी राशन दुकानों के संचालकों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सभी दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि ओटीपी से कोई भी खाद्यान्न का वितरण नहीं करेगा। अगर किसी बुजुर्ग या बच्चे का फिंगर काम नहीं कर रहा हैं, तो निरीक्षक से संपर्क कर इसकी जानकारी दें तथा अनुमति लेकर ही उन्हें ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण करें।

### दुकानों के निरीक्षण के दौरान संचालक ने खरीदा चावल

खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की संचालक फरिहा आलम सिद्धीकी ने राजधानी रायपुर की कुछ उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया। उनके साथ अपर संचालक नीलम एल्मा, जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा भी थे। डा. फरिहा आलम ने देवेंद्रनगर में संचालित उचित मूल्य की दुकान में सबसे पहले पहुंची। यहां कई हितग्राही ई-पॉस मशीन से बॉयोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से चावल ले रहे थे। उन्होंने इस प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इस प्रक्रिया को और बारिक से समझने के लिए स्वयं के राशन कार्ड से बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से 20 किलो एपीएल कोटे का चावल खरीदा। चावल के बदले उन्होंने निर्धारित रुपए भी दुकानदार को दिए।

### हितग्राहियों से की बातचीत

दुकान का निरीक्षण के दौरान डा. आलम ने दुकान में खाद्यान्न लेने पहुंचे कई हितग्राहियों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से पूछा कि खाद्यान्न लेते समय किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है। हितग्राहियों ने उन्हें बताया कि बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से आसानी से खाद्यान्न मिल जाता है। डा. आलम ने देवेंद्रनगर के बाद मोवा स्थित उचित मूल्य दुकान भी पहुंची। यहां भी उन्होंने दुकान में पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या, खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत सहित अन्य जानकारी भी ली।

# नाबालिग से रेप, ब्लैकमेल में शामिल कथित पत्रकार के साथ राजनीतिक दल का नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी में दो माह पूर्व 18 अप्रैल को किशोरी से रेप प्रकरण में आरोपी पक्ष से ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक कथित पत्रकार तथा एक राजनीतिक दल से जुड़े नेता का नाम सामने आया है। किशोरी से रेप प्रकरण में मामला रफा दफा कराने 1.30 लाख रुपए लेने के आरोप में पुलिस पूर्व में ही किशोरी के दादा तथा दो अन्य को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है।

- किशोरी के दादा के साथ मिलकर आरोपियों को धमकाकर वसूले थे 1.30 लाख रुपए

रेप केस में शामिल दो आरोपियों को बचाने रकम उगाही करने के आरोप में पुलिस ने राजनीतिक दल से जुड़े नेता सूरज ठाकुर तथा कथित पत्रकार मोहम्मद उस्मान सैफी को गिरफ्तार किया है। सूरज ठाकुर ने किशोरी के दादा के साथ मिलकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए थे।

इसी घटनाक्रम के दौरान सिलयारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे पर भी आरोप लगे थे। बाद में मामले की विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया था।



### वीडियो और साक्ष्यों ने बदली जांच की दिशा

पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर प्रारंभिक जांच की गई, तो किशोरी ने अपने साथ अपराध होने से इनकार किया। किशोरी के इनकार करने के बाद प्रकरण को बंद करने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच इंटरनेट मीडिया पर वीडियो और आडियो सामने आए, जिसके बाद जांच की दिशा बदल गई। नए सिरे से हुई विवेचना में पुलिस ने पहले दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद जांच आगे बढ़ी, तो कथित तौर पर मामले को दबाने के लिए हुए लेन-देन की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने नए सिरे से जांच कर प्रकरण दबाने की कोशिश करने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### भद्रावती जैन मंदिर के ट्रस्ट मंडल में शिवराज हुए शामिल



**रायपुर।** महाराष्ट्र चंद्रपुर जिले में स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक जैन तीर्थस्थल भद्रावती तीर्थ के ट्रस्ट मंडल में रायपुर के शिवराज (हप्पू बैद) को शामिल किया गया है। भद्रावती तीर्थ 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है और अपनी आकर्षक वास्तुकला व शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। मुख्य रूप से मूलनायक की मूर्ति काले पत्थर (श्याम पाषाण) की लगभग 2,400 वर्ष प्राचीन और 6 फीट ऊंची फणायुक्त प्रतिमा विराजमान है। यह तीर्थ 1000 साल से भी ज्यादा पुराना है, जहां प्रतिदिन हजारों जैन भक्त दर्शनार्थ आते है, छत्तीसगढ़ से हप्पू बैद का ट्रस्टी बनाना निश्चित ही जैन समाज के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि हप्पू बैद छत्तीसगढ़ जैन समाज का जाना पहचाना नाम है।

### छन्नु लाल को मिली पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा छन्नु लाल बंजारे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध का विषय 'उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों में आत्म-जागरूकता, आत्मसम्मान और दृढ़ता पर अध्ययन था। उन्होंने अपना शोधकार्य शिक्षाविद डॉ. यशपाल सिंह के मार्गदर्शन मे पूर्ण किया। उनके इस शोधकार्य को शिक्षा के क्षेत्र में बेहद महत्व और प्राथमिक माना गया है, जो स्कूली छात्रों के मानसिक व सामाजिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। पूर्व में व्याख्याता छन्नु लाल बंजारे को कलिंगा विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि राष्ट्रपति व राज्यपाल से भी मिल चुकी है।

### महामाया मंदिर में हवन पूजन 18 को

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित श्री राजजेश्वरी महामाया मातेश्वरी मंदिर में 18 जून को दोपहर 2 बजे हवन पूजन का कार्यकम रखा गया है। साथ ही शाम 6 बजे जसगीत का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। यह जानकारी महामाया सेवा समिति ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम समापन के बाद भंडारा का भी आयोजन रख गया है। कार्यक्रम में भारी संख्या में आसपास और नागरिक शामिल होंगे।

### राजधानी में करना होगा मानसून का लंबा इंतजार

**रायपुर।** उमसभरी गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना कम ही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश में व्यापक बारिश का सिस्टम ही नहीं बन पा रहा है। इसीलिए वर्ष 2023 की तरह रायपुर में मानसूनी बरसात के लिए 22-23 जून तक इंतजार करना पड़ सकता है। मानसून द्रोणिका पिछले दो दिन से छत्तीसगढ़ की सीमा पर अटकी हुई है और बस्तर के लोग भी जोरदार बरसात की राह ताक रहे हैं। मानसून के आगमन पर मौसम विभाग भी सटीक अनुमान नहीं लगा पा रहा है। पिछले कई दिनों से उसकी अनुमानित तारीख से दो से तीन दिन आगे खिसकती जा रही है। काफी इंतजार के बाद मानसून द्रोणिका ओडिशा होकर छत्तीसगढ़ की सीमा पर पहुंची थी। इसके बाद दो दिन से उस पर ब्रेक लग गया, क्योंकि उसे आगे बढ़ाने के लिए बस्तर में बारिश ही नहीं हुई। राजधानी रायपुर का इंतजार अभी और लंबा चलने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून के नाम पर अभी द्रोणिका ही मौजूद है। राज्य में पर्याप्त मात्रा में वातावरण है, मगर यह पानी गिराने वाला सिस्टम मौजूद नहीं है। राजधानी रायपुर में पिछले छह साल मानसून आगमन की अनुमानित तारीख को 13 से बढ़ाकर 16 जून किया गया है। इस अवधि में वर्ष 2023 में यहां 22 जून को मानसूनी गतिविधि ने अपना प्रभाव दिखाया था। इस बार भी मानसून की बारिश 22-23 के आसपास ही बरसने की संभावना है।

# हादसे में दोनों हाथ गंवा चुके पूर्व राजमिस्त्री मुकेश पेंशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत नर्रा (वार्ड क्रमांक 20) निवासरत मुकेश पटेल, जो पहले राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार के साथ एक बेहद कच्चे खपरैल मकान में रहने को मजबूर है। जानकारी के अनुसार लगभग दो साल पहले एक दर्दनाक हादसे में मुकेश पटेल को अपने दोनों हाथ गंवाने पड़े थे। इस हादसे ने उनसे उनका रोजगार और स्वावलंबन हमेशा के लिए छीन लिया। मेडिकल बोर्ड द्वारा मुकेश पटेल को 80 प्रतिशत विकलांगता का प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है। नियमतः इतनी गंभीर स्थिति में पीड़ित को तत्काल प्रभाव से शासकीय सहायता और सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलनी चाहिए थी, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल सका है। पीड़ित परिवार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को विवश है। लेकिन, गरीब परिवार का सुध लेने वाला कोई नही है।

## पत्नी मजदूरी कर पति के साथ दो बच्चों की संभाल रही जिम्मेदारी

### पत्नी उठा रहीं पूरे परिवार का जिम्मा

पति के दिव्यांग होने के बाद पूरे परिवार की देखरेख, दो मासूम बच्चे सुषेन पटेल 5 वर्ष व रिसफ 3 वर्ष की परवरिश और पति की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी अब उनकी पत्नी गायत्री बाई पटेल के कंधों पर आ गई है। पत्नी इस विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत न हारते हुए दिन-रात हाड़-तोड़ मजदूरी कर रही हैं और किसी तरह अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटा रही हैं।



### असुरक्षित आशियाने में कट रही जिंदगी

यह परिवार जिस मिट्टी और कच्ची ईंटों से बने खपरैल मकान में रह रहा है, उसकी हालत बेहद जर्जर है। मजदूरी की आढ़ में मकान की मरम्मत करा पाना नामुमकिन है। बारिश के इस मौसम में यह जर्जर मकान कभी भी ढह सकता है, जिससे बच्चों और दिव्यांग मुकेश पटेल के ऊपर मकान के ढह जाने का खतरा बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ भी इस अत्यंत पात्र और जरूरतमंद परिवार तक अब तक नहीं पहुंच सका।

# बदहाली के आंसू रो रहा नर्रा का ऐतिहासिक मिडिल स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम नर्रा में करीब 67 साल पुराने जिस शिक्षा के मंदिर की नींव बड़े उत्साह और गरिमा के साथ रखी गई थी, वह आज अपनी पहचान खोने के कगार पर है। हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत नर्रा के ऐतिहासिक मिडिल स्कूल की, जिसकी इमारत आज पूरी तरह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुकी है। जैसा कि तस्वीर में साफ देखा जा सकता है।

इस स्कूल का इतिहास बेहद खास और प्रशासनिक गलियारों से जुड़ा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मिडिल स्कूल भवन का लोकार्पण सन 1959 में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन रायपुर कमिश्नर आरसीव्हीपी नरोन्हा के कर-कमलों द्वारा हुआ था, जो बाद में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव भी बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाके के प्रतिष्ठित व्यक्ति विक्रम सिंह दीवान ने की थी। आज मिडिल स्कूल हाल पूरी तरह से खंडहर हो चुका है। छत की खपरैल, मलबा टूटकर गिर चुकी हैं। दीवारे खड़ी है, पर झाड़ियां और पेड़ उग आए हैं। यह ऐतिहासिक धरोहर होने के बावजूद यह देखरेख और संरक्षण के अभाव में अपना अस्तित्व खो रहा है।

### एक बड़ा सवाल

क्या हमारी आने वाली पीढ़ी इस क्षेत्र के इतने गौरवशाली इतिहास को सिर्फ किताबों या इन टूटती हुई दीवारों में ही देख पाएगी? क्या प्रशासन और शिक्षा विभाग इस ऐतिहासिक धरोहर को सहजने में नकाम रहा है। क्या इस गौरव शाली



मिडिल स्कूल का संरक्षण या इसके जीर्णोद्धार के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे या इतिहास के पन्नो में दफन होकर रह जाएगा। इसी स्कूल की माटी से पढ़कर निकले विश्वविद्यालय के कुलपति, डिप्टी रजिस्टार, आडिट डिप्टी रजिस्टार, उच्च शिक्षा, इंजीनियर, डाक्टर, वकील, शिक्षक, सचिव बने हैं। क्षेत्र का पहला मिडिल स्कूल जिसने संवारा हजारों का भविष्य आज खूद प्रशासन की बेरूखी पर आंसू रो रहा है। सन 1959 के पूर्व नर्रा क्षेत्र में मिडिल स्कूल की कोई सुविधा नही था। इसका खामियाजा इस पूरे इलाके के दर्जनभर से अधिक गांवों के मासूम विद्यार्थियों को भुगतना पड़ा था। पढ़ाई की ललक ऐसी थी कि रोजाना 15 से 17 किलों मीटर की लंबी और थका देने वाली दूरी पैदल तय कर कोमाखान जाना पड़ता था। दांव पर जिंदगी सफर सिर्फ लंबा ही नही बल्कि जानलेवा भी था। रास्ते में पढ़ने वाले कांदाजेरी नदी को पार कर छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। स्कूल जाना सीधे तौर पर अपनी जान जोखिम में डालने जैसे था। नर्रा के वरिष्ठ नागरिक विजय शंकर निगम अधिवक्ता, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शाउमाशा नर्रा का कहना है कि प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही का प्रतीक है मिडिल स्कूल नर्रा का यह मुख्य ईमारत, जहां से पढ़ कर निकले छात्र उच्च पदों तक आसीन हुए। अपनी खुशहाली के दिनों में यहां से पढ़कर निकले छात्रों में विश्वविद्यालय के कुलपति, डिप्टी रजिस्ट्रार आडिट, डिप्टी रजिस्ट्रार उच्च शिक्षा, डाक्टर, वकील आदि से लेकर लगभग हर विभाग में पदस्थ हुए। यह भवन भवन नही एक धरोहर है, जिसकी दिवारे आज 67 वर्ष बाद भी मजबूती से खड़ी है। ऐसे धरोहर का पुनरोद्धार कर संरक्षित किया जाना चाहिए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य लोचन पटेल ने कहा कि पुरानी धरोहर शिक्षा के मंदिर मिडिल स्कूल का संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए जिला प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराया गया है।

# सिंघोडा प्राथमिक शाला में दस दिवसीय समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिंघोड़ा में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप 2026 का समापन समारोह उत्साह, उमंग एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हर्षोल्लास के साथ हुआ। समर कैंप का शुभारंभ 5 जून से प्रारंभ हुआ था, जिंसके अंतिम दिवस पर पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं कौशल आधारित गतिविधियों का संचालन किया गया। बच्चों ने पूरे दस दिनों तक सीखने, खेलने और अपनी प्रतिभा को निखारने का भरपूर अवसर प्राप्त किया।

समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के लिए कबड्डी, खो-खो, दौड़ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, बोरा दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, गेंद संतुलन, योग एवं व्यायाम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला, रंग भराई, हस्तकला निर्माण, कहानी वाचन, भाषण, गीत-संगीत, नृत्य, समूह खेल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, खेल प्रतिभा और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथियों देवानंद पटेल (बीआरसी), सोमदेव तिवारी (पीएमश्री झिलमिला), शांति दास (पंच, सिंघोड़ा), सच्चिदानंद भोई (संकुल समन्वयक, सिंघोड़ा), जनक राम भोई (एसएमसी अध्यक्ष, पीएमश्री सिंघोड़ा), शांति दास,




चंद्रकला भोई (पंच, सिंघोड़ा), प्रदीप छत्रे प्रधान पाठक पलसाभाडी, अजय आर्य शिक्षक चिवराकुटा, बालकृष्ण आर्य संगीत शिक्षक झिलमिला सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, समाज के प्रबुद्धजन, अभिभावक एवं शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकनृत्य, समूह गीत एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रधान पाठक पूर्णिमा नाग ने आभार व्यक्त किया।

# सीएमओ ने किया सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण, खामियों पर जताई नाराजगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा नगर के टाऊन हॉल के पास स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय परिसर में साफ-सफाई, रखरखाव एवं आवश्यक सुविधाओं में कई खामियां पाई गईं। शौचालय के कुछ हिस्सों में गंदगी, नियमित सफाई का अभाव तथा आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी देखी गई। इन खामियों पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसी एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की




प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ ने संबंधित प्रभारी को नियमित निरीक्षण एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में सभी कमियों को दूर कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। भविष्य में पुनः निरीक्षण के दौरान खामियां पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते मेडिकल कालेजों को नहीं मिली मान्यताः विनोद



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की ढुलमुल रवैये के चलते प्रदेश को मिलने वाली 5 नई मेडिकल कालेज को एनएमसी द्वारा मान्यता नहीं मिली। इस पर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने इसे भाजपा सरकार की अक्षमता व लापरवाही का नतीजा बताया है। चंद्राकर ने कहा कि नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा दंतेवाड़ा (गीदम), मनेंद्रगढ़, कुनकुरी (जशपुर), जांजगीर-चांपा और कवर्धा में प्रस्तावित 5 नए मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने से साफ इनकार करना सरकार के लिए अत्यंत शर्मनाक है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण 250 सीटों का नुकसान हो गया। इन कॉलेजों से 250 नई एमबीबीएस सीटें मिलनी थीं, जिससे नीट के छात्रों को राहत मिलती। बिना तैयारी के प्रस्ताव भेजने का हाल यह हुआ। न अस्पताल भवन तैयार थे, न कॉलेज बिल्डिंग बनी, न फैकल्टी की भर्ती हुई। कई जगह तो जिला अस्पताल तक नहीं है। फिर भी सरकार ने अधूरे ढांचे के साथ एनएमसी को प्रस्ताव भेज दिया। यह युवाओं के भविष्य से सीधा खिलवाड़ है।

# केंवट समाज ने किया समाज को गौरवान्वित करने वाले छात्रों, युवाओं व व्यक्तियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

केंवट समाज कुडेघर फुलझर कौडिया क्षेत्र द्वारा समाज को गौरवान्वित करने वाले छात्रों, युवाओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संरक्षक द्वारपाल प्रसाद पांडे, अध्यक्षता केशव सेठ अध्यक्ष केंवट समाज जिला महासमुंद, विशिष्ट अतिथि देवेश सेठ अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, सुशील सेठ सलाहकार कर्मचारी प्रकोष्ठ अतिथि थे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाजिक समरसता, समाज के प्रति सम्मान, समाजिक एकता और अखंडता बनाये रखना है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ समलेश्वरी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद अतिथियों द्वारा सक्षिप्त उदबोधन दिया गया। अध्यक्ष केशव सेठ द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि जब से हमारे समाज का पुर्नगठन हुआ है और नये कार्यकारणी बना है 2023 से तब से समाज के शिक्षा के क्षेत्र में 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को समाज द्वारा प्रोत्साहित, सम्मानित किया जा रहा है। किन्तु, विगत वर्षों से समाज के छात्रों युवाओं व्यक्तयों द्वारा शिक्षा, खेल कूद, कला, संस्कृति या अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में भाग लेने वालों को समाज प्रोत्साहित सम्मानित कर रहीं है। विशिष्ट अतिथि देवेश सेठ ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकजुटता का होना आवश्यक है। सुशील सेठ ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में हर समय सहयोग देने की बात की। मुख्य अतिथि द्वारपाल प्रसाद पांडे ने कहा कि हमारे समाज का गठन 1975 हुआ है, उस समय के पदाधिकारीगण ऐसे सम्मान नही करते थे, किन्तु जब से नये कार्यकारिणी का गठन किया गया है तब से समाज के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों, युवाओं व व्यक्तयों को समाज सम्मान समारोह आयोजित कर प्रोत्साहित सम्मानित कर रहे हैं, जो वर्तमान पदाधिकारी गण बधाई के पात्र है।



कक्षा 10वीं में पूनम देहरी गेर्रा, नीरज सेठ किसडी, वर्षा निषाद बैतारी, दिपिका सेठ सीतापुर, कसीस मलिक नवांगांव, 12वीं में आशीष सेठ रोहिना, संजना डनसना गोहेरापाली, शिक्षा सुशील सेठ प्राचार्य नियुक्त होने एवं खेल कूद के लिए प्रकाश सेठ का सम्मान किया गया। समाज को गौरवान्वित करने वाले छात्रों, युवाओं, व्यक्तयों को प्रशस्ति पत्र कापी पेन स्मृति चिन्ह फूलमाला गुलदस्ता से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सेठ पूर्व उपाध्याय, अकुर सेठ सभापति तोरेसिंहा, उसत सेठ सभापति सरायपाली, किर्तन सेठ उपाध्याय, कौशिक सेठ सचिव, किशोर बाघ कोषाध्यक्ष, शाखा सचिव महेश मलिक, बीरेन्द्र पाड़े, गजानन नायक, पूणचंद सेठ, अरुण देहरी, संजय सेठ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कौशिक सेठ तथा कोषाध्यक्ष किशोर बाघ ने आभार व्यक्त किया।

## खोपली स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन




**बागबाहरा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में 5 जून से 14 जून तक दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर के दसवें एवं अंतिम दिवस बच्चों को रेशम केन्द्र खोपली का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को रेशम उत्पादन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी यहां के कर्मचारी हेमन यादव ने दी। समर क्लास में बच्चों को विभिन्न सह शैक्षिक क्षेत्रों में जैसे संगीत, चित्र कला, योग, क्ले आर्ट, स्पोकन इंग्लिश आदि विधाओं को सीखने को मिला। इस समर क्लास में प्रशिक्षक के रूप में अविनाश कोसे, आदित्य पाठक, प्यारे लाल दीवान, धारणा साहू द्वारा पूरे दस दिनों तक अपनी सेवाएं दिया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल प्राचार्य भोपाल सिंह बंजारा, अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकार, भीमसेन चन्द्राकार, प्रधान पाठिका सोहद्रा देवांगन, शिक्षिका डिम्पल वर्मा, क्षमता साहू, संकुल समन्वयक प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित थे।

## आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 15 दिन में मांगी कार्ययोजना

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग की महती योजना आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत महासमुंद नगर पालिका को शामिल कर 15 दिवस के भीतर कार्ययोजना की जानकारी मांगी गई है। इस संबंध में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर कहा कि इतनी महत्वपूर्ण योजना में महासमुंद शहर को शामिल किया गया है। नपा में पत्र प्राप्त हो चुका है, लेकिन अभी तक पार्षदों को कोई सर्कुलर नपा कार्यालय से जारी नहीं हुआ है। ऐसे में कार्ययोजना और शहर के 30 वार्डों में समान विकास पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। सभी 30 पार्षदों को छत्तीसगढ़ शासन की योजना से शीघ्र पत्र जारी कर अवगत कराया जाए तथा 30 वार्डों से शहर में विकास कार्य कराने की जानकारी मंगाकर छत्तीसगढ़ शासन को भेजा जाए। जिससे शीघ्र राशि का आवंटन होगा। आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत महासमुंद नगर पालिका को लगभग 625 लाख रुपए प्राप्त होंगे। पहले भी शासन की महत्वपूर्ण जानकारी पत्र द्वारा नगर पालिका के पार्षदों को भेजी जाती है। पार्षदों को जानकारी होना उनका मौलिक अधिकार है। शीघ्र पत्र से पार्षदों को अवगत कराया जाए। साथ ही उपाध्यक्ष राठी ने शहर के सभी 30 वार्डों के पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि शहर समृद्धि योजना के तहत अपने-अपने वार्डों में कराए जाने वाले विकास कार्य की जानकारी पत्र बनाकर शीघ्र पालिका में जमा करें। जिससे पालिका द्वारा शासन को विकास कार्य कराने की जानकारी भेजने में आसानी होगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**महासमंद।** जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र में शिकार करने गए युवक की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के बाद मृतक का कोई परिजन सामने नही आया। इस पर पुलिस ने अंतिम संस्कार का जिम्मेदारी मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपी। समिति के सदस्यों ने उक्त मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान समिति के सदस्य डॉ जितेन्द्र शुक्ला, फगुआ पटेल, सुरेश साहू, ओमप्रकाश औसर, संजय साहू, डॉ एजाज नकवी, राजू चंद्राकर, मनोज पटेल, गुमान जैन, नेमू निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर 19 से

**महासमुंद।** सर्व कबीरपंथी समाज बागबाहरा, पिथौरा एवं कबीर पंथी साहू समाज द्वारा अग्रसेन भवन तेंदूकोना में 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर आवासीय है, जिसमें बच्चों की रहने एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। सुबह 6 से 8,10 से दोपहर 1 बजे व शाम 4:30 से 6:30 तक बच्चों को सूरत गुजरात के कबीरपंथी संत विवेक साहेब, मधुरेंद्र साहेब व दामाखेड़ा के पवन साहेब प्रशिक्षण देंगे। शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे से 2 सौ रुपए ऐच्छिक सहयोग राशि रखी गई है। जानकारी देते हुए रोशन लाल साहू, डॉ. हेमलाल साहू, युवराज साहू, गौतमदास मानिकपुरी ने बताया कि शिविर में बच्चों को चरित्र निर्माण, संस्कार शिक्षा, योग एवं ज्ञान तथा भजन, सत्संग की शिक्षा दी जाएगी। अंतिम दिन शिविर में शामिल बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।



# सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में हुआ प्रथम मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2026 की तैयारी को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवकिरण अकादमी में प्रथम मेगा टेस्ट का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी रवि साहू तथा जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन के दिशा-निर्देशन में हुआ। नवकिरण अकादमी द्वारा सूबेदार, उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आयोजित प्रथम मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-01) उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित था। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टेस्ट में कुल 300 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र में भारत का इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, भारतीय दर्शन, कला, साहित्य एवं संस्कृति, समसामयिक घटनाक्रम, पर्यावरण, छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर, रीजनिंग, गणित, हिंदी एवं अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया।

प्रथम मेगा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परीक्षा दी। इस परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने तथा आगामी परीक्षा की रणनीति को बेहतर बनाने का अवसर प्राप्त हुआ। साव ने आगे बताया कि 04 मेगा टेस्ट सीरीज के अंतर्गत द्वितीय मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-02) का आयोजन 21 जून 2026, रविवार को किया जाएगा, जो पुनः संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

**आयोजन : मविमं में हुआ तीन दिवसीय इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम**

# शिक्षकों के कौशल विकास और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर रहा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ब्रह्मचारी गिरीशचंद्र वर्मा वेद विद्या मार्तंड के निर्देशानुसार महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में आयोजित तीन दिवसीय इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीबीपी) के मुख्य उद्देश्य शिक्षकों व्यावसायिक कौशल का विकास, नवीन शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीतियां 2020 के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान करना रहा। प्रथम सत्र में गुरु पूजन प्राणायाम ध्यान सिद्धि योग फ्लाइंग अभ्यास के माध्यम से शुरूआत किया, जो तीनों दिन प्रथम सत्र में और अंतिम सत्र में विधिवत संचालित किया गया, जिसे सुभाष पांडे और संदीप शर्मा द्वारा कराया गया। तत्पश्चात प्रथम सत्र का शुभारंभ कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अनुसुइया अग्रवाल (डी.लिट्) प्राचार्य स्वामी आत्मानंद आदर्श अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय एवं प्राचार्य आरके तिवारी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। अतिथियों के लिए स्वागत गीत भीमेश्वरी साहू ने प्रस्तुत की, जिससे अतिथि मनमुग्ध हो गए, जो निरंतर तीन दिनों तक चला। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षु शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए कहा गया कि किस प्रकार एक शिक्षक समय का प्रबंधन कर अपने जीवन में अनुशासित तरीके से बच्चों को शिक्षा दीक्षा प्रदान करता है। अनुसुइया अग्रवाल द्वारा ने शिक्षकों को समर्पण शिक्षकीय कार्य में सतत रूप से जुड़े रहने, सीखने और सक्रियता के लिए प्रेरित किया।

प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में वोकेशनल एजुकेशन प्रदान करने के लिए विशेष रूप से आईटीआई से प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में एसएल वर्मा, खिलेश्वरी ध्रुव, इभा मिंज ने व्यावसायिक शिक्षा जानकारी प्रदान किया कि किस प्रकार बच्चे दसवीं कक्षा उत्तीर्ण कर भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में अपने कैरियर बना सकते हैं। तृतीय सत्र में एआई ( कृत्रिम बुद्धिलब्धता)और डिजिटल प्लेटफार्म पर रिसोर्स ट्रेनर के रूप में डाइट से ईश्वर चंद्राकर एवं विनय कुमार यादव द्वारा विस्तार से जानकारी दी कि किस प्रकार आधुनिक समय में कृत्रिम बुद्धिलब्धता के माध्यम से से कम समय में बच्चों को उपयोगी जानकारी दे सकते है। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता मोनिका मिश्रा प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर -2 रायपुर एवम् प्राचार्य तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किए। मोनिका मिश्रा ने भारतीय वैदिक परम्परा को विस्तारपूर्वक सरलता से बताया कि आज हमारे देश की सभी शैक्षिक संस्थाओं में इसकी निहायत जरूरत है। क्योंकि, भारत की संस्कृति में विभिन्न संस्कार गतिविधियों को प्राचीन काल से किया जा रहा है, जिसका अनुसरण करना आज जरुरी हैं। तृतीय दिवस मुख्य वक्ता किरण कन्नौजे डाइट (व्याख्याता) ने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है। ताकि, आने वाले दिनों में 2047 तक भारत विकसित भारत के रूप में बन सके। आभार अर्चना गोतमरे ने किया। द्वितीय सत्र में प्रतिभागी प्रशिक्षु द्वारा अलग अलग टॉपिक में अपने अपने ग्रुप में प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का फीडबैक गोविंद सिंह ठाकुर द्वारा दिया गया।

## भोरिंग में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा की अनुशंसा एवं सतत प्रयासों से ग्राम भोरिंग के वार्ड क्रमांक 17 स्थित अटल बाजार चौक में लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या का समाधान हो गया है। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लगातार कम वोल्टेज की समस्या को लेकर शिकायतें की जा रही थीं, जिसके कारण लोगों को दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

विधायक सिन्हा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इसके परिणामस्वरूप वार्ड क्रमांक 17 में लगे 65 केवी क्षमता वाले पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर 100 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से अब क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पहले की तुलना में अधिक सुचारु एवं बेहतर हो गई है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं, छोटे व्यापारियों तथा किसानों को विशेष राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, मोटर पंप और अन्य विद्युत उपकरण ठीक ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे थे। गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक बढ़ जाती थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। कई बार विभाग को शिकायत देने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के हस्तक्षेप के बाद ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य में अनेक जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# नपाध्यक्ष के प्रयासों से 5 निर्माण कार्यों के लिए मिली 58.22 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनसेवा ही प्राथमिक धर्म के सिद्धांत पर कार्य कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की सक्रिय कार्यशैली और विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है कि महासमुंद नगर को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, नवा रायपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्राण्ट मद के तहत 58.22 लाख रुपए के 5 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की अनुमति प्रदान की गई है।

अध्यक्ष साहू की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता है- जमीनी समस्याओं को समझकर शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी करना। वे न केवल प्रस्ताव भेजते हैं, बल्कि स्वीकृति मिलने तक लगातार फॉलो-अप करते हैं। इसी का नतीजा है कि इससे पहले भी विभिन्न कार्यों के लिए उनके प्रयासों से शासन द्वारा 1 करोड़ 27 लाख 85 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई थी। अब नई स्वीकृति मिलाकर नगर के



विकास के लिए लगातार राशि लाने में वे सफल हो रहे हैं।

इस बार स्वीकृत प्रमुख कार्यों में वार्ड क्र. 02 स्थित मुक्तिधाम से इमलीभाठा बस्ती तक सीसी रोड निर्माण के लिए 23.53 लाख, वार्ड क्र. 14 स्थित अम्बेडकर चौक से आंगनबाड़ी तक नाली- स्लैब निर्माण के लिए 17.95 लाख रुपए ब्लाक आफिस के पीछे ट्यूबूलर पोल स्थापना के लिए 12.31 लाख रु., वार्ड 11 दलदली रोड स्थित वृद्धाश्रम के पास इंटरलाकिंग ब्लाक निर्माण के लिए 3.04 लाख, वार्ड 26 में संतोष घर से कश्यप घर तक नाली-स्लैब निर्माण के लिए 1.39 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इस उपलब्धि पर अध्यक्ष नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है महासमुंद के प्रत्येक वार्ड तक विकास पहुंचे। सड़क, नाली, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी न रहे। जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी तथा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएंगे।

# तुमगांव निवेश क्षेत्र 2041, जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला प्लान

## जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने कहाः भाजपा का उद्योगपतियों से गठजोड़ उजागर

## बिना ग्रामसभा मंजूरी, बिना वन गणना के खींच दी निवेश क्षेत्र की बॉर्डर लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने कहा कि तुमगांव निवेश क्षेत्र विकास योजना 2041 की कलेक्ट्रेट में हुई बैठक सिर्फ एक दिखावा है। भाजपा सरकार 12 गांवों के 19,879 लोगों को विकास के नाम पर फिर से ठगने की तैयारी कर रही है। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े स्टील प्लांटों में से एक करनी कृपा उद्योग ग्राम पंचायत खैरझिटी में स्थित है। यह तुमगांव नगर पंचायत के सबसे करीब है, पर इसे निवेश क्षेत्र में नहीं लिया गया। इसी तरह बेलटुकरी-अछोली की बहुचर्चित शराब फैक्ट्री को भी प्लान से बाहर रखा गया है। सवाल ये है कि जहां पहले से प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग लगे हैं, उन्हें रेगुलेट करने की बजाय आखिर क्यों बाहर रखा गया?

सृष्टि ने कहा कि बिरकोनी एवं अछोली गांव में सबसे ज्यादा कृषि भूमि को गैर-कृषि में परिवर्तित किया जा रहा है। इन गांवों को जानबूझकर निवेश क्षेत्र में नहीं लिया गया है, ना उनके लिए कोई मास्टर प्लान बनाया गया है। इसका मतलब साफ है कि असल में जहां उद्योग लगने हैं या लग चुके हैं, उन पंचायतों को ही नगर निवेश के क्षेत्र में लाना चाहिए था। उन्होंने षडयंत्र पूर्वक जंगलों की कटाई का प्लान तैयार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तुमगांव पंचायत से लगा एकमात्र बड़ा जंगल सोरिद, चोरभट्टी, परसदा, कौंदकेरा, बननसिवनी गांव में है। यह क्षेत्र जंगलों से लगा हुआ है, इसे



नगर निवेश में लेने का कोई औचित्य नहीं है। इस बहाने इन क्षेत्रों के जंगल को काटने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा नगर निवेश के अधिकारियों ने गलत तरीके से सर्वे कर बिना मापदंड, बिना जातिगत गणना, बिना वन क्षेत्र की गणना और बिना ग्राम पंचायत की मंजूरी के एक बॉर्डर लाइन बना दी है। इससे गांव में रहने वाले लोग भविष्य में शहर जैसी सुविधा से वंचित तो हो जाएंगे, पर उनको टैक्स के नाम पर शहर जैसा पैसा देना पड़ेगा। गलत सर्वे के कारण इसका भी सिरपुर प्राधिकरण जैसा हश्र हो सकता है। इसका स्पष्ट उदाहरण 2016 में गठित सिरपुर प्राधिकरण है। आज सिरपुर प्राधिकरण में बहुत से ऐसे गांव हैं, जिनको भूमि परिवर्तन करने के लिए प्राधिकरण की अनुमति की जरूरत पड़ रही है, पर 2016 से 2026 तक क्षेत्र के विकास के लिए एक ईंट भी नहीं रखी गई। सिरपुर के नाम पर सिर्फ लोगों को तकलीफ और दस्तावेजी कार्रवाई का बोझ बढ़ा है। वही हाल नगर निवेश क्षेत्र में आने वाले गांवों का होगा।

सृष्टि ने मांग करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में ग्रामसभा बुलाकर प्लान को जनता के सामने रखा जाए और लिखित सहमति ली जाए। तुमगांव क्षेत्र के सभी उद्योगों का पर्यावरण ऑडिट तुरंत कराया जाए और दोषी इकाइयों को बंद किया जाए। निवेश क्षेत्र में लगने वाले हर नए उद्योग में 80 प्रतिशत नौकरी स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया जाए। किसानों की एक इंच जमीन भी जबरन न ली जाए। मुआवजा 4 गुना बाजार दर तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की गारंटी हो। सृष्टि ने कहा कि भाजपा सरकार ने महासमुंद को प्रदूषण जोन बना दिया है।

तुमगांव की जनता अब और धोखा बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर सरकार ने गरीब, किसान, युवा विरोधी प्लान थोपने की कोशिश की तो क्षेत्रवासियों के साथ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**संगठनात्मक समीक्षा एवं आगामी चुनावी तैयारी को लेकर हुई चर्चा**

# छग प्रभारी ने ली आप कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



दिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी के प्रभारी मुकेश अहलावत ने शनिवार को सरायपाली के केजुआं स्थित सर्किट हाउस में संगठन विस्तार के संबंध में सक्रिय कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

छत्तीसगढ़ के आम आदमी पार्टी में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देशानुसार आप प्रभारी मुकेश अहलावत 9 जून से छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा में दौरा कर कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं। इन बैठकों का उद्देश्य संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद, संगठनात्मक समीक्षा एवं आगामी चुनावी तैयारी को प्रभावी बनाना है। बैठक में विशेष रूप से प्रभारी के अलावा, प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक, समीक्षा, मार्गदर्शन तथा आगामी रणनीति पर महत्वपूर्ण चर्चा की। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हर विधानसभा को पांच ब्लाकों में बांटा गया है तथा ब्लाक अध्यक्षों और ब्लाक संगठन मंत्री की नियुक्ति कर दी गयी है। कार्यक्रम में सभी को नियुक्त प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। आगे कहा गया है कि जनपद क्षेत्र में जनपद प्रमुख, ग्राम पंचायत में ग्राम प्रमुख एवं बूथ स्तर पर बूथ प्रभारी का चयन किया जाना है। बैठक में आम आदमी पार्टी विधानसभा के सभी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाते हुए जनता के लिए काम करने का निर्णय लिया है। आम आदमी पार्टी से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में उपस्थित लोगों में विधानसभा प्रभारी आशिक हुसैन, वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद गोयल, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर भारद्वाज, युज विंग जिला उपाध्यक्ष मुरारी प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष सनतराम चौहान, ब्लाक अध्यक्ष अजय किरित, प्रहलाद महापात्र, ब्लाक अध्यक्ष पूर्ण चंद भोई, ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद जावेद, गोपाल वैष्णव, दिनेश शर्मा, सुशिम सिंह, पवन, शिव कुमार चौहान, डोलामणी गडतिया, उसत तांडी, विकास बाध, अविनाश तिग्गा, अमर कंधेरआदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों की फसलों एवं कृषि उपकरणों की चोरी पर तत्काल रोक लगाए प्रशासन : मानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने जिले में लगातार बढ़ रही कृषि उपकरणों, बोरवेल के केबल तार, मोटर पंप एवं फसलों की चोरी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की मेहनत और आजीविका पर लगातार अपराधियों द्वारा हमला किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाल ही में ग्राम खड़ीडीह सहित जिले के अनेक गांवों में बोरवेल के केबल तारों की चोरी, सिंचाई उपकरणों की चोरी एवं खेतों में नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं के कारण किसान सिंचाई कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

मानिक ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की है कि पूरे जिले में चोरी की बढ़ती वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जाए तथा चोरी की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही महंगाई, खाद-बीज की समस्या एवं खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं। ऐसे समय में चोरी की घटनाएं किसानों की कमर तोड़ रही हैं। प्रशासन को प्रभावित किसानों को राहत दिलाने एवं उनके नुकसान की भरपाई के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की सुरक्षा एवं चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो किसान कांग्रेस जिलेभर में किसानों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।